तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 27 अप्रैल 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

16 मुस्लिम जमात ने जलाया आतंकवाद का पुतला



17 नए जिलाध्यक्ष पहुंचे जेवरा सिरसा ब्लॉक में कांग्रेसियों के बीच






## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार दिखाकर की मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार दिखाकर मारपीट करने वाले आरोपी आदित्य सिंह उर्फ टिट्टी 23 वर्ष कैंम्प एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पंद्रह अप्रेल को प्रार्थी राजेश साहू के निवास के पास आकर आदित्य सिंग उर्फ टिड्डी प्रार्थी के भाई कन्हैया लाल साहू की बेटी के 376 पाक्सो एक्ट में उसे सजा होने की पुरानी बात को लेकर राजेश साहू के साथ गाली-गलौज किया गया। मना करने पर आदित्य सिंग जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी से मारपीट कर अपने हाथ में रखे लोहे का धारदार हथियार लहरा कर धमकाया। घटना की जानकारी प्रार्थी व्दारा घर में बताने पर इसके छोटे भाई कन्हैया लाल साहू ने भी बताया कि आदित्य सिंग उसे और प्रार्थी के पुत्र मोहनलाल साहू के साथ भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में आरोपी आदित्य सिंग उर्फ टिड्डी के घटना के बाद आरोपी आदित्य सिंग फरार हो गया था। आरोपीआदित्य सिंग के निवास में आने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम उसके निवास पहुंचकर हिरासत में लिया गया।

# निगम ने माना- पानी में केमिकल पाया गया, पर्यावरण अधिकारी का दावा -नाले में केमिकल नहीं श्रमिकों के हाथ-पैर धोने वाला पानी

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। निगम के छह वार्ड में केमिकल युक्त पानी की समस्या से हजारों लोग कई सालों से जूझ रहे है। पर्यावरण विभाग और निगम प्रशासन संयुक्त रूप से यहां कार्रवाई के दावे करते आ रहे हैं। पर्यावरण के जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि पानी केमिकलयुक्त नहीं है। निगम आयुक्त ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि पानी में केमिकल पाया गया है।सबसे अहम बात तो यह है कि क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी का कहना है कि जो पानी नाले में आ रहा है, वह उद्योगों के श्रमिकों के हाथ-पैर धोने वाला पानी है। उसमें केमिकल नहीं है। हरिभूमि की केमिकलयुक्त पानी की समस्या की खबर से स्थानीय पार्षदों व जनता की आवाज इन प्रशासकों तक पहुंची है। दोनों संस्थानों के प्रशासकों से हरिभूमि ने सीधी बातचीत कर इन वार्डों की समस्या को सुलझाने क्या योजनाएं बनाई है यह जानने की कोशिश की है।*

## हरिभूमि से क्षेत्रीय पर्यावरण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी व भिलाई निगम आयुक्त से सीधी बातचीत

### सीधी बात — अनिता सावंत, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी



**सवाल:** औद्योगिक क्षेत्र छावनी में उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी नाले में बहाया जा रहा है। जिससे वार्ड 41 से लेकर 46 तक भूगर्भ में केमिकल पहुंच चुका है। जिससे पानी पीने योग्य नहीं रहा।

**जवाब:** देखिए, हम लोगों को जब भी शिकायत मिली, वहां टीम भेजी। टीम ने उद्योगों को नोटिस दिए और कार्रवाई भी की है।

**सवाल:** अब तक कितने उद्योगों पर कार्रवाई की गई है।

**जवाब:** मैंने अभी हाल में ज्वाइन किया है। पिछले दिसंबर 2024 से लेकर अब तक 8 उद्योगों पर कार्रवाई की गई। इन पर 8 लाख रुपए जुर्माना भी ठोंका गया। 5 और उद्योगों को हमने नोटिस जारी किया है। इस तरह कुल 13 उद्योगों को नोटिस दिया है।

**सवाल:** स्थानीय पार्षदों का आरोप है कि आपका विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा। कई उद्योगों में ईटीपी नहीं लगी। जिसकी वजह से केमिकलयुक्त पानी नाले में बहाया जा रहा है।

**जवाब:** हमने नोटिस देकर सख्ती से कहा था कि ईटीपी लगाएं। उसके बाद सभी उद्योगों ने अब ईटीपी लगा रखी है। जिससे वहां पानी रिसाइकिल होता है। जो पानी नाले में आ रहा है वह वहां के श्रमिकों के हाथ-पैर धोने वाला पानी है। उसमें केमिकल नहीं है।

**सवाल:** निगम की जांच टीम ने यहां पानी के दर्जनभर प्वाइंट से सैंपल लिए और उसकी जांच करवाई। जिसमें टीडीएस 100 गुना बढ़ा मिला। केमिकल होने की भी पुष्टि हुई है।

**जवाब:** उद्योग वहां 1975 से है। उद्योगों पर कार्रवाई के लिए नियम उसके बाद बने। तब तक यहां उद्योगों द्वारा वेस्ट मेटेरियल आदि खुले में बहता रहा। उस समय भूगर्भ खराब हुआ है वहीं है। हमारी टीम शुक्रवार को जाकर 15 स्थानों से सैंपल जांच के लिए एकत्र किए हैं।

**सवाल:** वार्ड वासियों को केमिकलयुक्त पानी की वजह से पीलिया, डायरिया जैसी बीमारी हुई है। स्थानीय पार्षद भी यही कह रहे हैं।

**जवाब:** नाले में सबसे ज्यादा खटाल की गंदगी जा रही है। पाइप लाइन नालियों से होकर गुजरी हुई है। केमिकलयुक्त पानी में बैक्टीरिया तो वैसे ही मर जाता।

**सवाल:** हथखोज एरिया में डामर के ड्रम यूं ही नाले में फेंक दिए गए हैं। हर रोज उद्योगों के वेस्ट रात को जलाए जा रहे हैं। इस पर क्या एक्शन लेंगे।

**जवाब:** सोमवार को हमारी विभागीय टीम जाएंगी। जो यह पता लगाएगी कि कचरे का ढेर उद्योंगों का है या फिर और कहीं का। ड्रमों को भी हटवाने की कार्रवाई की जाएगी।

### सीधी बात — राजीव पांडेय, निगम आयुक्त भिलाई



**सवाल:** वार्ड क्रमांक 41 से लेकर 46 तक केमिकलयुक्त पानी निकल रहा है। सालों से वहां की जनता इस समस्या से जूझ रही है।

**जवाब:** कलेक्टर के निर्देश पर इन वार्डों में पर्यावरण व हमारी टीम गई है। जहां भी पेयजल की इस तरह की समस्या है वहां टैंकर से पानी उपलब्ध करवा रहे हैं। जिन बोर से केमिकलयुक्त पानी निकलता है उसे प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे 15 से ज्यादा बोर पर रोक लगाई गई है।

**सवाल:** वर्ष 2019 में तत्कालीन निगम आयुक्त ने पानी की जांच कराई। लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया। क्या आप करेंगे।

**जवाब:** 2019 में तो जोन क्रमांक 4 से पानी की जांच हुई थी। अभी वर्ष 2024 में हमारे 77 एमएलडी से जांच हुई है और पीएचई से भी जांच करवाए थे। उसमें वहां पानी में केमिकल पाया गया है ,ऐसी जानकारी सहायक अभियंता से प्राप्त हुई है।

**सवाल:** पार्षदों का आरोप है कि मिलीभगत होने के कारण रिपोर्ट दबाई जा रही हैं। सदन में भी स्थानीय पार्षदों ने यह मामला उठाया।

**जवाब:** जांच जनता की भलाई के लिए करवाई गई। रिपोर्ट निगम का व्यक्तिगत मामला नहीं है। इसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया, ये वो ही जानें। पार्षद जलकार्य विभाग से रिपोर्ट का अवलोकन कर सकते हैं।

**सवाल:** वार्डों में केमिकलयुक्त होने से पीलिया व डायरिया फैल चुका है। निगम क्या एहतियात बरत रहा है।

**जवाब:** निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम को हमने हिदायत दी है कि वे समय-समय पर वार्डों में सर्वे करते रहे। लोगों को जागरूक करें। कहीं शिकायत मिलती है ,तो जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम से समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।

**सवाल:** निगम की तरफ से उद्योगों को कितनी बार नोटिस जारी किया गया। क्या कार्रवाई की गई।

**जवाब:** उद्योगों से फैल रहे प्रदूषण को रोकने के लिए निगम पहले कई बार नोटिस जारी किया है। चेतावनी के बाद ही वर्तमान में हालात में सुधार आया है। उद्योगों पर कार्रवाई का अधिकार हमारा नहीं है।

**सवाल:** छह वार्ड की जनता को केमिकलयुक्त पानी से निजात कब मिलेगी। निगम के पास क्या प्लानिंग है।

**जवाब:** हमारा मकसद है कि प्रभावित छह वार्ड की जनता को शुद्ध पेयजल पीने मिले। इसलिए शंकरनगर की नई पानी टंकी से पेयजल पहुंचाई जा रही है। इन वार्डों के जिन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच रहा उनके लिए एक और बड़ी पानी टंकी छावनी में बन रही है। इस पानी टंकी के शुरू होने से पूरे क्षेत्र में शुद्ध पेयजल लोगों को मिलने लगेगा।






# बेहतरीन शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्रों के नैतिक व व्यक्तित्व विकास के प्रति समर्पित द हेरिटेज इंटरनेशल पब्लिक स्कूल, दुर्ग (छ.ग.)






**Umakant Mishra** - Joint Secretory

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग समसामयिक शिक्षा प्रणाली के साथ अपने छात्रों को उत्कृष्ट शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप हमारे विद्यालय में नवीनतम शैक्षिक तकनीकों और आधुनिक सुविधाओं को शामिल किया गया है, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), कोडिंग, और रोबोटिक्स। यह सुनिश्चित करता है कि हमारे छात्र भविष्य के सभी अवसरों के लिए तैयार हों। शिक्षा के साथ-साथ, हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, छात्रों के शारीरिक विकास पर भी विशेष ध्यान देता है। हमारे विद्यालय में अत्याधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें वॉलीबॉल कोर्ट, योगा, टर्फ लॉन टेनिस कोर्ट, फुटबॉल ग्राउंड हैं। ये सभी सुविधाएं छात्रों को विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा विकसित करने का मौका देती हैं और उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए रखती है।

## विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास, समाजोपयोगी एवं उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराना





2012 को स्थापित हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग ने आरंभ से ही शिक्षा के नवाचारों के साथ विशेष उद्देश्य और दृष्टिकोण से न केवल दुर्ग भिलाई वरन छत्तीसगढ़ में शिक्षा को एक नई दिशा प्रदान किया है। यह विद्यालय उच्च स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, भव्य भवन, श्रेष्ठ क्रीड़ा क्षेत्र, सुशिक्षित, प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक, शिक्षिका, आधुनिकतम शैक्षणिक सुविधाओं, स्मार्ट क्लासेस, भव्य पुस्तकालय आदि से युक्त है। विद्यालय की सफलता का प्रमाण उसका परीक्षा परिणाम होता है। प्रतिवर्ष न केवल स्कूल स्तर पर बल्कि सी.बी.एस.ई. के बोर्ड परीक्षा में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के साथ गुणवत्ता भी बनाए रखना है। प्राविण्य सूची में 100% अंक के साथ विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम गर्व का विषय है। नवीन शिक्षा पद्धति में बोर्ड द्वारा निर्देशित समस्त मापदण्डों को पूर्ण करने वाला हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में साईंस, कॉमर्स, ह्यूमिनिटीस के साथ अन्य रोजगारोन्मुख विषयों का अध्यापन किया जाता है। खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर तक की उपलब्धियों एवं सफलताएँ छात्रों को प्राप्त होती है। विद्यालय का गौरव है- देश विदेश में सफलता की ऊंचाईयों को छूते हुए हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराते हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की जगह बनाई। श्रेष्ठ प्रबंधन एवं समस्त प्रयास से निरन्तर विकासपथ पर अग्रसर व हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल देश का गौरव है।

**Deepti Tiwari** - Principal

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग की शिक्षा पद्धति का मुख्य उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि छात्रों को एक वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करना है, जो स्वतंत्र रूप से विचार कर सकें, जटिल समस्याओं का समाधान निकाल सकें, और विभिन्न संस्कृतियों व विचारधाराओं के प्रति सहिष्णुता का प्रदर्शन कर सकें। इस पद्धति के अंतर्गत छात्रों को व्यापक और समग्र शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे वे भविष्य के वैश्विक समाज में सफलतापूर्वक कार्य करने में सक्षम होते हैं। हमारे संस्थान में उन्नत तकनीकों, नवीनतम विषयों और व्यावसायिक कौशलों को सम्मिलित किया गया है, जो छात्रों को न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पेशेवर आवश्यकताओं से भी परिचित कराता है। इसके साथ ही, यह शिक्षा पद्धति उन्हें सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूक करती है, जिससे वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के प्रति उत्तरदायित्व का भाव विकसित कर सकें। हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं आज न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उत्कृष्टता का परिचय दे रहे हैं और विभिन्न संस्थानों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



### विद्यालय की स्थापना और मिशन

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की स्थापना इस विचारधारा के साथ की गई थी कि शिक्षा केवल ज्ञान का प्रसार नहीं है, बल्कि यह एक व्यक्ति के समग्र विकास का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। स्कूल का मिशन छात्रों को उनके शारीरिक, मानसिक, और भावनात्मक विकास के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा नैतिकता और समाज सेवा के प्रति जागरूकता प्रदान करना है। यह स्कूल समाज के हर तबके के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है, ताकि वे वैश्विक नागरिक बनकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

### हेरिटेज स्कूल खेल में देश विदेश में भी कीर्तिमान स्थापित किया है

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, विशेष रूप से अपने स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जाता है, जिसमें सिंथेटिक कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। खेल के क्षेत्र में विद्यालय ने अनेकानेक झंडे गाड़े हैं और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यह सिलसिला हर वर्ष और अधिक मुखरित एवं उन्नत होता जा रहा है। यहाँ के कई विद्यार्थी खेल की दुनिया में एक प्रतिष्ठित नाम बन चुके हैं और देश-विदेश में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।





### शैक्षणिक पाठ्यक्रम व मूल्यांकन प्रणाली

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक पाठ्यक्रम को बहुत ही व्यवस्थित और व्यापक रूप से तैयार किया गया है। स्कूल का पाठ्यक्रम सीबीएसई के मानकों के अनुरूप है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कोडिंग, स्मार्ट क्लास रूम (सर्च से सर्वोच्च तक) जो इसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाता है। यहां नवीनतम तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, जो छात्रों को एक इंटरएक्टिव और दिलचस्प तरीके से शिक्षा प्राप्त करने में सहायता करते हैं। इस विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा सभी वर्गों तक पहुँचाने के उद्देश्य से यहाँ की फीस भी बेहद सामान्य और किफायती रखी गई है।

### अभिभावक और समुदाय के साथ सहभागिता

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल अपने छात्रों के विकास के लिए अभिभावकों और समुदाय के सहयोग को भी महत्वपूर्ण मानता है। स्कूल नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक बैठकों का आयोजन करता है, जहाँ अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी दी जाती है। बता दें यह स्कूल पूर्णतः पारदर्शी है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।





### भविष्य के लिए तैयार कदम और नई पहलें

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए कदम उठाने की योजना बना रहा है, जिसमें सभी कक्षाओं में इंट्रेक्टीविटी स्मार्ट बोर्ड, अलग से AI/कोडिंग और एडवांस लर्निंग टेक्नॉलाजिस का समावेश किया गया है। इसके अतिरिक्त, स्कूल अपने शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को और बेहतर बनाने के लिए भी प्रयासरत है।

### दुर्ग व भिलाई के मध्य हरियाली से भरपूर प्राकृतिक वातावरण

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग व भिलाई से लगा हुआ हरियाली से भरपूर प्राकृतिक वातावरण में स्थित है, जिससे बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहयोग करता है एवं दिनभर स्वास्थ्य वातावरण का अनुभव होता है, शहर के कोलाहल से दूर शांत वातावरण में पढ़ाई करने से बच्चों में एकाग्रता आती है और उनका बौद्धिक विकास होता है।





### सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्सव

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कला कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। वार्षिक दिवस, विज्ञान मेले, नाटकों, नृत्य और संगीत प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का मौका मिलता है। यहां विशेष रूप से ललित कलाओं के एक्सपर्ट द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि छात्र उसकी बारीकियों को समझ सकें।

### सर्वश्रेष्ठ परिणाम

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, विगत 10 वर्षों से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इन वर्षों में विद्यालय ने अनेकों राज्य एवं जिला स्तरीय टॉपर्स दिए हैं। आज हमारे पूर्व छात्र देश-विदेश में विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में उच्चतम पदों पर और प्रसिद्ध कंपनियों एवं विभागों में कार्यरत हैं, जो छत्तीसगढ़ राज्य में इस विद्यालय को एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। इस विद्यालय ने हजारों विद्यार्थियों के सपनों को साकार किया है, जो पूरे राज्य के लिए गर्व का प्रतीक है।



## नैतिक/आध्यात्मिक एवं व्यवहारिक शिक्षा पर विशेष ध्यान

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा पर विशेष महत्व दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों की सांस्कृतिक और मौलिक वृद्धि हमारे संस्कारों और संस्कृति से गढ़ी जा सके। यहाँ वेद पाठ, यज्ञ-हवन, सभी धर्मों के गूढ़ तथ्यों का ज्ञान, उनके आधारभूत सिद्धांतों की समझ, सदाचार, नीति और नैतिकता का शिक्षण दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, वृद्धाश्रम, अनाथाश्रम, और बालगृह जैसे स्थानों का दौरा करवा कर विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों से अवगत कराया जाता है। साथ ही, विभिन्न धर्मों के स्मारकों की यात्राएँ करवाई जाती हैं और आध्यात्मिक वीडियो पर चर्चाएं आयोजित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों में साम्प्रदायिक सौहार्द और आध्यात्मिक जागरूकता विकसित हो सके। विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए उन्हें बैंकों, ट्रैफिक नियंत्रण कार्यालय, एयरपोर्ट कंट्रोल ऑफिस, रेलवे जोन, सुपर मार्केट, डाकघर, बॉटनिकल गार्डन, एनर्जी पार्क, कृषि अनुसंधान केंद्र, आर्मी कैंटोनमेंट आदि जैसे विभिन्न जिज्ञासापरक स्थानों पर ले जाकर व्यापक ज्ञान दिया जाता है।

## मुख्य विशेषताएं

1. अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर.
2. सुसज्जित प्रयोगशालाएँ और समृद्ध पुस्तकालय.
3. सभी कक्षाएँ डिजिटल स्मार्ट इंटरएक्टिव बोर्ड से सुसज्जित.
4. विद्यार्थियों के शौक और रुचियों को निखारने हेतु विभिन्न क्लब और कार्यशालाएँ.
5. इंटरनेशनल कोलाब्रारेशन-City University New York, The British Council Roof Guaradian Council Austrilia and Teb.Ed. Talls.
6. प्रभावशाली और उन्नत संगीत, नृत्य, कला और क्राफ्ट कक्षाएँ.
7. कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की प्रयोगशालाएँ.
8. भारत के विभिन्न हिस्सों से विश्वस्तरीय, अनुभवी और उत्कृष्ट रूप से निपुण शिक्षकों की टीम.
9. करियर काउंसलिंग, मार्गदर्शन और सहयोग.
10. पूर्णतः सुरक्षित परिसर और सुरक्षित परिवहन सुविधा.
11. हेरिटेज स्पोटर्स एकेडेमी संचालित होता है.

HERITAGE INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
DURG BYPASS ROAD, DURG (C.G.)
C.B.S.E. AFFILIATED (AFFILIATION NO. : 3330198) DISE CODE : 22100720810
7566660470 / 71 / 75 www.heritageschools.org heritage.schools@yahoo.com /Heritage International Public School

## खबर संक्षेप

### उधारी के पैसे मांगे तो कर दी मारपीट, गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भिलाई।** थर्माकोल कटर से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रार्थी दिलीप जाधव ने बताया कि आरोपी कृष्णा गायकवाड को उसने उधार पैसे दिए थे। जब उसने पैसे मांगे तो आरोपी ने उसके ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में आरोपी कृष्णा गायकवाड के विरूद्ध धारा 109 (1) बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया। सुपेला पुलिस टीम ने तत्काल आरोपी कृष्णा गायकवाड घेराबंदी कर गिरफ्तार किया । न्यायालय पेश कर केन्द्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया है।

### चौपाटी के गंदा पानी से दुर्गंध

**भिलाई ।** सिविक सेंटर में चौपाटी की दुकानों का गंदा पानी यहां ओपनएयर थिएटर के निकट जमा होने से गंदगी का माहौल है। चौपाटी क खोमचों के जूठन और बर्तनों आदि धोने के गंदे पानी के जमा होने से दुर्गंध का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बाईं ओर ओपन एयर थिएटर के आसपास भी कचरा जमा है। दुकानवालों को मना करने पर भी गंदा पानी यहां छोड़ा जा रहा है।

वित्त वर्ष में दो कब्जाधारियों से दो एकड़ जमीन और 660 अवास खाली कराए

# प्रवर्तन टीम ने लाइसेंसी आवासों को खाली कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा द्वारा जारी अवैध कब्जा हटाओ अभियान के तहत शनिवार को सेक्टर-4 में तीन लाइसेंसी आवासों से अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर आवंटी आवास धारक तथा रखरखाव कार्यालय को सुपुर्द किया गया। यह कार्यवाही संपदा न्यायालय के आदेश पर की गई।

सेक्टर-4 स्थित 9 ई-26-4 आवास को लाइसेंस पर ए मनीषा को, 11एच-26-4 आवास को शिवलाल ठाकुर को तथा 11 एफ-26-4 आवास को सरस्वती कहार को आवंटित किया गया था, जिन पर अवैध कब्जा कर रहने वाले कब्जाधारियों के विरूद्ध प्रवर्तन टीम ने खाली कराया।



बीएसपी की संपत्ति पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं, अवैध कब्जाधारियों, अवैध रिटेंशनधारियों तथा अनफिट आवासों पर से कब्जाधारियों की बेदखली कार्यवाही नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा पीएचडी विभाग, पुलिस विद्युत विभाग, सिविल विभाग, संपदा न्यायालय के कर्मचारियों के सहयोग से जारी है। बीएसपी के मेल में बताया गया कि वित्त वर्ष में कुल 784 बीएसपी क्वॉटर अवैध कब्जेधारिओं से खाली करवाया गया है। सम्पदा न्यायलय के द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध पारित 323 डिक्री आदेश का क्रियान्वयन किया गया । यह एक रिकार्ड है। दो एकड़ जमीन और 660 आवासों को भी बिजली पानी कनेक्शन काट कर कब्जाधारियों से खाली कराया गया। पांच सौ से अधिक अवैध स्ट्रक्चर तोड़े गए और 225 से अधिक अवैध ठेलो को जप्त किया गया। लगभग 6620 अवैध बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स टाउनशिप के मुख्य तथा अन्य मार्गो से हटाया गया।

# यूआरएम में नया रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

भिलाई इस्पात संयंत्र ने यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में नए रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन का निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यपालकगण की उपस्थिति में इस नवीन सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी ईडी उपस्थित थे।

रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स परियोजना का कार्य मेसर्स मैको कॉर्पोरेशन (इंडिया) प्रालि एवं मेसर्स यूजीआई इंजीनियरिंग वर्क्स प्रालि को सौंपा गया था। इस परियोजना को महाप्रबंधक प्रभारी एमवी रामप्रसाद तथा उनकी टीम, महाप्रबंधक डीकेजायसवाल, महाप्रबंधक जी. वाधवा, उपमहाप्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक के मानकर एवं वरिष्ठ प्रबंधक सीपी तिवारी के सहयोग से पूर्ण किया गया। 2024 को कमीशन किया गया यह नया रिफिनिशिंग



कॉम्प्लेक्स, 65 मीटर लंबे दोषयुक्त रेलों को दोष स्थान के अनुसार 13 मीटर एवं 26 मीटर की उपयोगी लंबाई में काटकर पुनः प्रयोग के लिए तैयार करने के लिए विकसित किया गया है। यह रणनीतिक सुविधा जीपी-1 एवं जीपी-2 रोलर टेबल्स का अधिकतम उपयोग करते हुए यूनिवर्सल रेल मिल में 130 मीटर लंबी रेलों के उत्पादन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित करेगी।

# कोक ओवन बैटरी-7 की चिमनी-सात का प्रज्वलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने कोक ओवन बैटरी-7 एवं 8 के पुनर्निर्माण' परियोजना के तहत बैटरी-7 की चिमनी-7 का सफलतापूर्वक प्रज्वलन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, प्रवीण निगम, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रविंद्रनाथ एम, सीजीएम अनुराग उपाध्याय,



उमेश भारद्वाज, तुलाराम बेहेरा, प्रणय कुमार, मानस कुमार गुप्ता उपस्थित थे। चिमनी-7 के भीतर मरम्मत एवं रिफ्रैक्टरी कार्य का निष्पादन भिलाई की फर्म मेसर्स बीईसी द्वारा मेसर्स सीयूआई, तकनीकी पर्यवेक्षण में किया गया। इस संपूर्ण परियोजना का संचालन परियोजना महाप्रबंधक प्रभारी अरविंद गुप्ता तथा महाप्रबंधक ओपी भट्ट के सहयोग से संपन्न हुआ। चिमनी के प्रज्वलन की तैयारियों में बैटरी डेक के सूक्ष्म पुनर्निर्माण में माइक्रो-प्लानिंग के तहत महत्वपूर्ण गतिविधियों की पहचान की गई और आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति की दैनिक निगरानी सुनिश्चित की गई। संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग तथा इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विभाग द्वारा इस परियोजना की सफलता में सहयोग प्रदान किया गया।

# नवीन कानूनों से नागरिकों को मिलेगा जल्द न्यायः एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नवीन भारतीय न्याय संहिता आम नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। जिससे आम नागरिकों को न्याय मिलने में विलम्ब न हो।पुलिस और न्यायालय के लिए समय निर्धारित किया गया है। इससे पीड़ितों को जल्द राहत मिलेगी। पुलिस इसके लिए पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है।

- एसएनजी स्कूल सेक्टर-4 के आडिटोरियम में एसएसपी विजय

यह बात एसएसपी विजय अग्रवाल ने एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 आडिटोरियम में नवीन आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण कार्यशाला में कही। । उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रचलित आपराधिक कानूनों के स्थान पर तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम बनाया गया है । यह एक जुलाई वर्ष 24 से प्रभावशील है। नवीन कानूनों में जल्द महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध को स्पष्ट करते हुए परिभाषा एकजाई किया गया है।




जिसमें बच्चों की परिभाषा दी गई कि बच्चा कौन है, महिलाओं से संबंधित अपराधों में दण्ड का प्रावधान करते हुए इसे कठोर बनाया गया है। धारा 4 भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा, न्याय व्यवस्था का दण्ड से न्याय की ओर बढ़ता कदम है। एसएसपी ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कहीं अपराध होता है और आप यदि घर पर उपस्थित नहीं है, तो जहां पर आप उपस्थित हो, वहां पर आप एफ.आई. आर. करवा सकते हैं। एफआईआर करना पुलिस का दायित्व है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत आपकी, आपके घर की या आपके व्यवसायिक स्थल या अन्य स्थल की तलाशी लेंगे, तो उसकी कंपलसरी फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी की जाएगी। यह न्यायालय में मान्य होगी।

### नए व पुराने कानूनों में बताया अंतर

पूर्व में उप संचालक अभियोजन जिला बालोद प्रेमेंद्र बैंसवाड़े द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, नये पुराने कानून में अन्तर, नये कानून की विशेषताएं तथा बाध्यताओं, शक्तियों एवं भारतीय साक्ष्य संहिता के प्रावधानों, बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में बताया।अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी, जिला बालोद प्रमोद धृतलहरे व्द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता से संबंधित ध्यान में रखने योग्य बातों को समझाया गया । कार्यशाला में सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, चन्द्रप्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक, लाइन, नीलकंठ वर्मा, रक्षित निरीक्षक, दुर्ग और 166 अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता सम्मान समारोह कल

**भिलाई।** नवगठित छग सर्व समाज संगठन द्वारा सोमवार को कलामंदिर में प्रतिभाशाली बीएसपी के कार्मिकों व पंचायत चुनाव में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के छत्तीसगढ़ सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर होंगे और अध्यक्षता छग सर्व समाज के प्रदेशाध्य

**Notice under section 72 of Indian Partnership Act 1932**

Notice is hereby given for change in constitution of Firm "M/S SABA INFRAVENTURE 2" registered office at 59, Rohanipuram, Opp. Sehnai Garden, Near Goel Chowk, Raipur (C.G.). Where in PARTHIVI CONSTRUCTION PVT LTD through its director Shri Shailesh Verma have retired as a partner w.e.f. 31-03-2025.

**For, M/S SABA INFRAVENTURE 2**
**(Partner)**
**SANJAY BAGHEL**



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



15 नेहरू नगर चौक पर जयंती समारोह

## लाइव इवेंट

### प्लेसमेंट कैम्प में टॉक, ऑनलाइन टेक्निक एचआर इंटरव्यू से जुड़े दिए गए टिप्स



**दुर्ग।** ऊर्जा प्रबंधन और ऑटोमेशन समाधानों के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक बेंगलुरु ने भारती विश्वविद्यालय पुलगांव में ओपन कैंपस भर्ती अभियान के अंतर्गत प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया। आयोजन विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रियंका साहू के कुशल नेतृत्व में हुआ। इस पहल में बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान भर्ती प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, योग्यता परीक्षा, तथा ऑनलाइन तकनीकी और एचआर साक्षात्कार जैसी जानकारी दी गई। साथ ही इन विषयों से ऑन स्पॉट रूबरू भी कराया गया। श्नाइडर इलेक्ट्रिक के प्रतिनिधियों ने छात्रों की तैयारी, उत्साह और पेशेवर व्यवहार की सराहना की। यह सफल कैंपस ड्राइव, उद्योग और अकादमिक जगत के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने और छात्रों को उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करने की दिशा में एक प्रयास बताया गया। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र इस कैंपस चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए हैं। हम सभी चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

## सिटी इवेंट

### लीनेस क्लब ने मनाया पृथ्वी दिवस, प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा



**दुर्ग।** लीनेस क्लब दुर्ग सिटी ने अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर शक्तिनगर शासकीय प्राथमिक शाला में वेस्ट मटेरियल से बनी हुई कलाकृतियों के संबंध मं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर सीनरी, पॉट व अन्य सुंदर कलाकृतियां बनाकर अपनी कला कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम में लीनेस क्लब की अनीता तिवारी द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण जरुरी क्यों है? इस संबंध में जानकारी दी गई। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी वंशिका, कृति, दिव्यांश ,पुष्पेंद्र ,मनोहर, गणेश कुमार को क्लब की सचिव आकांक्षा मिश्रा व अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर लीनेस क्लब दुर्ग सिटी की रूपिंदर कौर, अनीता तिवारी, सिंधु चंदेल, प्रधानपाठक अवनीशचंद्र श्रीवास्तव, शिक्षिका सुनीता तिवारी, गिरजा साहू, अपर्णा कर्कसे के अलावा स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

● दुर्ग-भिलाई के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर जुलूस और शोक सभाएं, आतंकवादियों पर कारवाई के लिए राष्ट्रपति को पत्र

# पहलगाम हमले के विरोध में लगातार चौथे दिन कैंडल मार्च, सामाजिक राजनीतिक, धार्मिक संगठनों ने मरने वाले 28 लोगों को दी श्रद्धांजलि

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के हमले में मारे गए 28 लोगों का सदमा अब भी लोगों के जहन में है। भिलाई-दुर्ग के 12 से ज्यादा स्थानों में शनिवार को लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। मरने वालों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इतना ही कैंडल मार्च भी निकाला। सामूहिक रूप से आतंकी हमला करने वालों पर ठोस कार्रवाई की मांग की गई। चौक-चौराहों में रैलियां निकालकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे।

**भिलाई।** गुरु घासीदास समिति के अध्यक्ष बीएल कुर्रे ने कहा कि घटना निंदनीय है। इसकी कोई माफी नहीं हो सकती। सतनाम भवन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिविक सेंटर कैंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं हमारे देश की एकता और शांति को चुनौती देती हैं। हमें इस बात पर गहन मंथन करना होगा कि आखिर किस कमी के चलते ऐसी दर्दनाक घटनाएं संभव हो पाती हैं। यह पहली बार है जब धर्म पूछकर लोगों की हत्या की गई है। यह न केवल एक आतंकवादी हमला है, बल्कि मानवता पर कलंक भी है।



### छत्तीसगढ़ सिख पंचायत ने मृत आत्मा की शांति में ने कराया अरदास

पहलगाम आतंकी हमले में भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध को लेकर छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल के आह्वान पर गुरुद्वारा बाबा दीप सिंघ शाहिदा सुपेला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें सुखमणि साहिब के पाठ के उपरांत मृतजनों की आत्मा की शांति के लिए अरदास की गई। सिख पंचायत के महासचिव गुरनाम सिंह ने कहा कि सिख समाज द्वारा इस घटना को लेकर काफी रोष है। मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाएं है। कोई भी धर्म समाज ऐसे कृत्य की इजाजत नहीं देता जहां भी देश की बात होगी हम सब एक हैं। वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, हरभजन सिंह चहल, गुरमेज सिंह सोखी, हरपाल सिंह कमल, जसवीर सिंह सैनी, कुलवंत सिंह, त्रिलोचन सिंह, स्वरूप सिंह, कुलदीप सिंह, हरिंदर सिंह, स्वर्ण सिंह कुक आदि मौजूद थे।



### पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने कश्मीर पहलगाम में किए गए जनसंहार के विरोध प्रदर्शन किया। सिविक सेंटर में हुए इस प्रदर्शन में इस आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सोसायटी की प्रेसिडेंट अंजुम ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सब एकजुट हैं। इसमें कहीं भी जाति-धर्म के आधार पर भेद न किया जाए। सबसे पहले हम सब हिंदुस्तानी हैं और इंसानियत हमारा धर्म है।

### निर्दोष पर्यटकों के नरसंहार पर तालपुरी में फूटा गुस्सा

तालपुरी बी ब्लॉक में गुरुवार को पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्तियां जलाकर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्लब हाउस के सामने आयोजित इस शोकसभा में सभी ने नरसंहार को अंजाम देने वाले दहशतगर्दों के खिलाफ एक स्वर में सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। पूरे देश की आत्मा को झकझोर देने वाले इस हमले के विरुद्ध तालपुरीवासियों ने जहां अपना आक्रोश जताया, वहीं कई परिवारों के उजड़ जाने पर उनकी आंखें भी नम हो गईं। शोकसभा में बड़ी संख्या में बच्चों, पुरुषों, महिलाओं से लेकर वरिष्ठजन भी शामिल हुए। महिला समिति की अध्यक्ष रेखा सिंह ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। ओपी मिश्रा ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता समर शेष है की दो पंक्तियां समर शेष है नहीं पाप का भागी केवल व्याध, जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध, गाकर सुनाई। इस अवसर पर एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष असीम सिंह, पूर्व महासचिव बीआर ढोके, लेखिका सरस्वती धानेश्वर, अमलदास, गजानन अवचट, आरएस कन्नौजिया आदि मौजूद थे।



## पृथ्वी का संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व : नीलिमा गजपाल



**भिलाई।** पृथ्वी का संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह सामान्य नागरिक हो अथवा शिक्षक या फिर विद्यार्थी सभी को अपने-अपने स्तर पर पृथ्वी के प्रमुख तत्वों जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि प्रदूषण की रोकथाम हेतु प्रयास करना चाहिये। उक्त बातें विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय आयोजन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा की प्राचार्या नीलिमा गजपाल ने कहीं। व्याख्याता डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने बताया कि इसके अंतर्गत विद्यालय में प्रथम दिवस विद्यालय की शिक्षिकाओं के द्वारा मौली धागा बांधकर पौधों को संरक्षित रखने का प्रण किया। विश्व पृथ्वी दिवस के द्वितीय दिवस पर प्राचार्य नीलिमा गजपाल ने समस्त शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को रोपित वृक्षों की उम्र भर रक्षा करने की शपथ दिलाई। तीसरे दिन विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्या का पौधा देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों को पर्यावरण से जोडने की इस मुहिम की समस्त पालकों के द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में श्वेता सिंह, विभावरी केसरी, अलका आगलावे, इंद्राणी बोस, प्रीति ताम्रकार, सोमा सरकार, चित्ररेखा ठाकुर, प्रियंका, स्मृति नायक, अपर्णा तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### धनोरा शासकीय कॉलेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे केरल की राष्ट्रीय कार्यशाला में





**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय धनोरा दुर्ग के बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थी जी. राजलक्ष्मी एवं अविनाश मधुकर को उनके प्रोजेक्ट कीट वर्गीकरण और कीट विज्ञान में उद्यमिता' के लिए केरला फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट पीची-त्रिशूर ने अपनी राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए चयनित किया है। यह वर्कशाप 13 से 18 मई तक केरला में रखी गई है। जी. राजलक्ष्मी एवं अविनाश मधुकर दोनो ही मेंहनती और पढ़ाई के लिए समर्पित विद्यार्थी है। उनके इस प्रोजेक्ट में महाविद्यालय की प्राणीशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमा कुलकर्णी का निर्देशन एवं सहयोग सराहनीय रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एए खान एवं समस्त महाविद्यालयीन परिवार ने उनकी इस सफलता पर हर्ष जताया है।

## तेलुगू वाड़ाबलिजा जातीय संघ का त्रि-वार्षिक चुनाव आज

**भिलाई।** तेलुगू वाड़ाबलिजा जातीय संघम्-भिलाई का त्रि-वार्षिक चुनाव 27 अप्रैल को खुर्सीपार जोन -2, बाल मंदिर स्थित सामाजिक भवन में होगा। इसमें कुल 592 सदस्य अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। चुनाव में टी. लोकनाथ को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। चुनाव में जय-जय वाड़ाबलिजा पैनल से अध्यक्ष पद के लिए कोविरि राजू, जय सिम्हाद्री अप्पन्ना टीम से डॉ. एल जगन्नाथ राव, वाडाबलिजा एकता संघम् पैनल से बट्टी वेंकट राव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, उप महासचिव, सहसचिव और 12 कार्यकारिणी सदस्य के लिए भी प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के बाद नतीजे भी उसी दिन मुख्य चुनाव अधिकारी एल. कालिदास द्वारा घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव अधिकारी तैयारी में जुटे हैं।

### 44 वीं राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स में जीता सिल्वर मेडल

**भिलाई।** मैसूर कर्नाटक में आयोजित 5000 मीटर की दौड़ में सुरेश कुमार ने सिल्वर मेडल जीता है। भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। वे प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे। उनकी इस उपलब्धि पर पूरी ट्विनसिटी ने उन्हें बधाई दी है।



**पालकों ने शुरू की माथापच्ची, मई के पहले हफ्ते में परिणाम आने की संभावना**

कार्नर न्यूज

# दसवीं के बाद स्कूलों में ट्रायल बेस पर सब्जेक्ट ले रहे स्टूडेंट्स, स्ट्रीम च्वाइस से पहले काउंसलर की मदद

**भिलाई।** 10वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट आने में अभी वक्त है, लेकिन स्टूडेंट्स अभी से ही स्ट्रीम सलेक्शन के लिए कॅरियर काउंसलर से मिल रहे हैं। यही प्रक्रिया स्कूलों में भी जारी है, जहां टीचर्स बच्चों को गाइड कर रहे हैं। यही नहीं 10वीं की परीक्षा दे चुके स्टूडेंट्स को फिलहाल ये छूट दी गई है कि वे ट्रायल बेस पर सब्जेक्ट का चुनाव कर पढ़ सके और समय रहते हुए सब्जेक्ट बदल सके। इसके लिए बच्चों को 7 से 30 दिन का समय दिया जा रहा है।

शहर के अधिकांश स्कूलों में 25 तरह के ऑप्शनल सब्जेक्ट भी हैं। इसे लेकर भी बच्चों में भ्रम की स्थिति है। जैसे किसी स्टूडेंट को कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करना है तो वह वैकल्पिक विषय में कंप्यूटर साइंस ले रहा है। काउंसिलिंग में ये बेसिक नॉलेज भी दी जा रही है कि इंजीनियर बनने के लिए 11 वीं में कंप्यूटर लेने की जरूरत नहीं, बल्कि जेईई की तैयारी करनी चाहिए।

### मानसिक तनाव और प्रेशर नहीं, पालक परेशान



ट्रायल बेस के लिए सब्जेक्ट सलेक्शन की प्रक्रिया जिन स्कूलों में रखी गई है, उनका कहना है कि पैरेंट्स अपने बच्चों पर मानसिक दबाव डालते हैं। डॉक्टर और इंजीनियर के लिए मैथ्स या साइंस सब्जेक्ट लेने का प्रेशर डाला जाता है। ट्रायल करने पर एक महीने में बच्चे और पैरेंट्स दोनों को समझ जाते हैं कि वो सही विषय का चुनाव कर रहे हैं या नहीं। ये प्रक्रिया पूरी होने पैरेंट्स को बुलाया जाएगा और सब्जेक्ट च्वाइस के लिए बच्चों पर मानसिक दबाव नहीं डालने की सलाह दी जाएगी। इधर पालक भी खासे परेशान हैं

### नई शिक्षा नीति की गाइडलाइन, सब्जेक्ट को आसान बनाने जुगत

सीबीएसई बोर्ड द्वारा 211 सब्जेक्ट के चयन का ऑप्शन दिया जाता है। 11वीं में प्रवेश करने वाले स्टूडेंट्स न्यूनतम 5 और अधिकतम 9 विषय का चयन कर सकते हैं। नई शिक्षा नीति के तहत स्टूडेंट्स को अनिवार्य रूप से छठवां विषय भी दिया जा रहा है। बता दें कि मई के पहले हफ्ते या 15 मई तक परीक्षा परिणाम जारी हो सकते हैं। बोर्ड एग्जाम होने की वजह से स्टूडेंट्स में रिजल्ट को लेकर खासी चिंता है। वे अपने करियर को लेकर ज्यादा गंभीर हो चले हैं। इसे देखते हुए पालक और स्टूडेंट्स लगातार शैक्षणिक संस्थाओं में पहुंचर जानकारी भी ले रहे हैं।

### सब्जेक्ट चयन के लिए इन बातों का रखें ध्यान

- **मैथ्स:** इलेक्टिव सब्जेक्ट: फिजिकल एजुकेशन, हिंदी लैंग्वेज, लीगल स्टडीज, साइकोलॉजी, एनसीसी।
कॅरियर स्कोप: इंजीनियरिंग, इंडियन आर्मर्ड फोर्सेस
क्या करें: न्यूमेरिकल एबिलिटी को परखें।
- **बायोलॉजी:** इलेक्टिव सब्जेक्ट: साइकोलॉजी, फिजिकल एजुकेशन।
कॅरियर स्कोप: मेडिकल, न्यूरोसाइंस, नर्सिंग, एलोपैथिक, फॉर्मेसी,
आयुर्वेद, होम्योपैथी।
क्या करें: खुद की कैपेसिटी को देखें।
- **कॉमर्स:** इलेक्टिव सब्जेक्ट: एप्लाइड मैथ्स, फिजिकल एजुकेशन, इंटरप्रेन्योरशिप।
**कॅरियर स्कोप:** अकाउंट, स्टैटिक्स सीए, सीएस
क्या करें तार्किक योग्यता को परखें।

**ह्यूमैनिटीज:** लीगल स्टीज, साइकोलॉजी, मैथ्स।
कॅरियर स्कोप: सिविल सर्विसेज, साइकोलॉजी, डाइटीशियन
क्या करें: सब्जेक्ट के चुनाव से पहले मेंटल एबिलिटी व क्रिएटिव थिंकिंग का रिव्यू करें।

(शिक्षक, एक्सपर्ट और शिक्षाविद से बातचीत पर आधारित।

### पांचवीं और आठवीं के परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित करने की तैयारी

**भिलाई।** जिला शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षा के बाद उसके नतीजे की तैयारी कर ली है। इन दिनों टेबुलेशन का काम किया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो 30 अप्रैल को इसके नतीजे घोषित किया जा सकते हैं। जिले से 5वीं की परीक्षा में 15,794 परीक्षार्थी और कक्षा 8वीं से 42,605 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के बाद सभी विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अंतर विकास खंड स्तर पर कराया गया। यानी जिस विकासखंड के स्कूल के विद्यार्थियों की कॉपी थी, उसका मूल्यांकन दूसरे विकासखंड में संचालित स्कूलों के शिक्षकों से कराया गया। करीब 14 साल बाद 5वीं और 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा हुई है। इसके माध्यम से बच्चों में लिखने और याद रखने की क्षमता का आंकलन किया जा रहा है। अभी तक किए गए मूल्यांकन की रिपोर्ट के आधार पर विभागीय अफसरों का कहना है कि 5वीं और 8वीं के बच्चों ने अच्छा परफार्म किया है।

लगभग 80 फीसदी बच्चों ने परीक्षा में पूछे गए सवालों के जवाब लिखे हैं। इससे उम्मीद है कि प्राइमरी और मिडिल कक्षा की परीक्षा के नतीजे अच्छे आएंगे। जिन बच्चों को पूरक की पात्रता मिलेगी, उनके लिए रेमेडियल क्लास लगाकर परीक्षा की अलग से तैयारी कराई जाएगी। तैयारी के बाद उनकी परीक्षा जून में फिर ली जाएगी। इससे बच्चों लिखने, विचार करने और पढ़ने-पढ़ाने की आदत लगने की उम्मीद है। आने वाले साल में और अच्छी तैयारी कराई जाएगी, ताकि इससे बेहतर नतीजे आ सकें। ज्ञात रहे कि तिमाही और अर्धवार्षिक परीक्षा में मनमाफिक नतीजे नहीं आए थे। इसकी वजह से परिणाम को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी।

## सिटी इवेंट

### स्टूडेंट्स में कौशल विकास और प्लेसमेंट के लिए एमओयू



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग एवं लक्ष्य फाउंडेशन बेंगलुरु के मध्य कौशल विकास प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सहायता हेतु एक महत्वपूर्ण एमओयू संपन्न हुआ। इस एमओयू (अनुबंध) में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं लक्ष्य फाउंडेशन की प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभुजीत कौर ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य छात्राओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कॉर्पोरेट जगत के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में हिमांशु साहू, प्लेसमेंट मैनेजर छत्तीसगढ़, डॉ. रेशमा लाकेश उपस्थित थे। लक्ष्य फाउंडेशन के अंतर्गत छात्राओं को संवाद कौशल, आत्म-प्रस्तुतीकरण, साक्षात्कार की तैयारी और अन्य व्यावसायिक दक्षताओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्राओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि यह एमओयू छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लक्ष्य फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा जताई कि छात्राएं इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएंगी।

## सिटी लाइव

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सीए की क्लास, विशेषज्ञों ने दिए टिप्स



**भिलाई।** आईसीएआई भिलाई शाखा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह एआईसीए लेवल 1 सर्टिफिकेट कोर्स ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तीसरा बैच था। शनिवार को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कोर्स विशेष रूप से पेशेवरों को डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अकाउंटिंग, ऑडिट एवं वित्तीय विश्लेषण जैसे कार्यों को स्वचालित करने, डेटा आधारित निर्णय लेने और अपने कौशल को आधुनिक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सीए प्रभाव कुमार अग्रवाल गुवाहाटी, सौरभ महेश्वरी हैदराबाद और विशाल गांधी अहमद नगर थे। बैच में 50 से अधिक सीए सदस्यों ने पंजीयन कराया, जिनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अन्य वित्तीय पेशेवरों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं ज्ञान प्राप्ति की भावना ने इस तीसरे बैच को भी अत्यंत सफल बनाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिनेश जैन, राजेश बाफना, प्रभजीत सिंह जगी, सुखदेव राठी, दिलीप जैन, प्रतीक अग्रवाल, तलबिंदर सिंह, हर्ष जैन, प्रभाष जैन, सौरभ इत्यादि मौजूद थे।

## लाइव इवेंट

### बीएसपी के पर्वतारोण दल पहुंचा एवरेस्ट, पर्यावरण चेतना का दिया संदेश



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों के एक छोटे से दल के दल एवरेस्ट बेस कैंप की 23 दिवसीय यात्रा की गई । इस साहसिक दल द्वारा सामाजिक मिलाप और पर्यावरण का संदेश दिया गया। भिलाई से नेपाल एवरेस्ट के लिए 30 मार्च को रवाना हुए एक छोटे से दल में बीएसपी के पवन कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार सिंह, सेवा निवृत्त-कर्मी एन.के. सिंह एवं उनके पुत्र अभिजीत सिंह शामिल हैं। । संयंत्र प्रबंधन द्वारा इस यात्रा को प्रोत्साहन देते हुए विशेष अवकाश प्रदान किया गया तथा पर्यावरण विभाग द्वारा पर्यावरणीय संदेशों से युक्त विशेष बैग दिए गए। दल को दुर्ग स्टेशन से यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया छग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने रेल से विदा किया। यह दल रक्सौल पहुँचा पहुंचा जहां से काठमांडू की सड़क यात्रा, फिर रामेछाप एयरपोर्ट होते हुए लुकला पहुंचा। पहाड़ी पथरीले मार्ग, बर्फीली हवाएँ और सीमित सुविधाओं के बीच दल की यात्रा साहसिक रही। इस दौरान दल के सदस्यों ने टेंगबोचे व डिंगबोचे में नेपाली नागरिकों से संवाद और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा भी की।

#### दल की ईडी ने की हौसलाआफजाई

21 अप्रैल को सम्पन्न यह साहसिक यात्रा 23 दिनों में पूरी की गई। शारीरिक फिटनेस के साथ एक संस्थान की विचारधारा, सामूहिकता और उत्तरदायित्व का परिचायक बनी। भिलाई वापसी बाद बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर द्वारा दल को कार्यालय में आमंत्रित कर हौसलाआफजायी की गई।



---

**उमरपोटी में आध्यात्मिक प्रवचन के पांचवें दिन प्रचारिका श्रीश्वरी ने मन के भाव पर दी जानकारी**

# घर छोड़कर जंगल में बैठ जाना वैराग्य नहीं, संसार में रहते हुए इच्छाओं का त्याग ही वास्तविक वैराग्य

**भिलाई।** आध्यात्मिक दार्शनिक प्रवचन का आयोजन उमरपोटी में किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त प्रवचन सुनने पहुंच रहे हैं। 5 मई तक चलने वाले प्रवचन के पांचवें दिन जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने कहा कि केवल घर छोड़कर जंगल में बैठ जाना ही वैराग्य नहीं कहलाता, अपितु संसार में रहते हुए भी मन में संसार की आसक्ति का त्याग ही वास्तविक वैराग्य है। मन ही हमारे प्रत्येक कार्य का कर्ता है। अतः हमें बाहर से नही भीतर से विरक्त होना है। संसार में ना कहीं राग हो ना कहीं द्वेष हो और राग और द्वेष से रहित होने का अहंकार भी ना होना यही वैराग्य की परिभाषा है। उन्होंने इस भीषण गर्मी में भी उमड़ रही भीड़ को देखते हुए कहा कि भक्तों में ईश्वर को जानने और समझने की लालसा है। ईश्वर के प्रति समर्पित भाव से सुनने वाले भिलाई में ज्यादा भक्त हैं। उन्होंने इसके साथ ही कथा को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि संसार में राग और द्वेष दोनों ही खतरनाक है। जैसे पिघली हुई लाख में जब कोई रंग छोड़ा जाता है तो वह रंग लाख के परमाणु–परमाणु में समा जाता है। लाख उसी रंग का दिखने लगता है। ठीक ऐसे ही जब हम किसी से राग या द्वेष करते हैं तो हमारा अंतः कारण संबंधित व्यक्ति या वस्तु के लिये पिघलता है। वो व्यक्ति हमारे अंतः कारण में समा जाता है।





#### संसार में राग या द्वेष करें तो हमारे अंतः करण में समा जाएगा

अतः यदि हम संसार से राग या द्वेष करे तो ये संसार हमारे अंतःकरण में समा जायेगा। अंतःकरण को गंदा कर देगा, किंतु भगवान और महापुरुष के प्रति अपने मन का लगाव किया तो अंतःकरण शुद्ध हो जाएगा, दिव्य हो जाएगा एवं सदा–सदा के लिए हम आनंदमय हो जाएंगे। सत्संग में उमड़ती भीड़ को देखते हुए प्रवचन स्थल पर विशेष पंडाल के इंतजाम किए गए हैं, जहां आकर्षक लाइटिंग भी की गई है। आयोजकों ने बताया प्रतिदिन दिन के समय भी भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन विशेष प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है।



#### प्रवचन स्थल पर भजन-कीर्तन और सत्संग का भी आयोजन

प्रवचन स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन और सत्संग का भी आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रामायण की चौपाइयों का पाठ, सुंदरकांड का भी पाठ किया जा रहा है। जस गायन समिति द्वारा भी प्रस्तुतियां दी जा रही है। 5 मई को इस आध्यात्मिक प्रवचन का समापन होना है। इस दिन कार्यक्रम स्थल पर विशेष आयोजन की तैयारियां की गई है। आयोजकों ने बताया कि आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक किया जा रहा है। इसके बाद आरती के बाद प्रवचन का समापन किया जा रहा है।

---

**नेहरू नगर चौक पर जयंती समारोह**

## संत शिरोमणि सेन महाराज ने समाज में एकता और समरसता का दिया संदेश



**भिलाई।** सेन समाज सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 725वीं जयंती नेहरू नगर स्थित सेन परिसर में बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद समाज के सदस्यों ने सेनजी महाराज की विधिविधान से पूजा, आरती की। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधानसभा के विधायक और सेन समाज के अध्यक्ष रिकेश सेन प्रमुख रूप से शामिल हुए। रिकेश सेन ने कहा कि सेन महाराज सदैव सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले थे। हमेशा धर्म में आस्था और विश्वास रखने वालों पर परमात्मा कृपा करते हैं। संत शिरोमणि सेन महाराज ने समाज में एकता और समरसता का संदेश दिया। वे जातिवाद के नहीं मानववाद के समर्थक थे। उन्होंने अपने जीवन में भाईचारा और सामाजिक एकरूपता पर जोर दिया। मध्यकाल के संतों में सेन महाराज का स्थान महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुरूप जनमानस को शिक्षा और उपदेश के माध्यम से एकरूपता में पिरोया। सभी उनके जन्म उत्सव पर संकल्प लें कि सेन महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर सदैव सर्व समाज के हित के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देंगे।समाज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. प्रतीक उमरे ने समाज के प्रथम प्रांताध्यक्ष स्व. सुरेश कुमार उमरे को नमन करते हुए कहा कि सर्वसमाज को जोड़ने में सेन समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। सामाजिक विकास के क्रम में ऐतिहासिक रूप से सेन समाज के लोगों ने अपने प्रति जो विश्वास अर्जित किया है, वह समाज की बड़ी धरोहर है। समाज ने सदैव परिवार और समाज को जोड़ने का काम किया है। बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

- सेन समाज सेवा समिति भिलाई–दुर्ग ने सेन महाराज 725वीं जयंती मनाई गई
- वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन आयोजन में हुए शामिल

## तितुरडीह में आरएसएस की आवश्यक बैठक आज

**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शहीद भगत सिंह उपनगर की आवश्यक बैठक 27 अप्रैल को सुबह 7 बजे आयोजित की गई है। बैठक शहीद भगत सिंह स्कूल तितुरडीह परिसर में होगी। बैठक में उपनगर के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक को लेकर जानकारी दी गई है कि बैठक में नगर कार्यवाह मंगेश भेलोंडे प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में स्वयंसेवक सभी गतिविधि, अनुसांघिक संगठन, विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं मौजूद रहेंगे।

---

**मानदेय नहीं मिलने से बढ़ी नाराजगी**

## महिलाओं ने अपने हक के लिए आवाज की बुलंद, अनिश्चिकालीन हड़ताल की तैयारी




**दुर्ग।** एनआरएलएम बिहान कैडरों का 4 माह का मानदेय अप्राप्त है। इसे लेकर अविलंब देने सहित अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर महिलाओं ने एक एकदिवसीय धरना दिया। पंचायत मंत्री, मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों के नाम पर जिला पंचायत के सीईओ को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने प्रमुख रूप से पिछले चार माह का मानदेय तत्काल दिए जाने, मानदेय वृद्धि करने, सभी कैडरों को मोबाइल, नेट खर्च और यात्रा भत्ता देने, हर माह 5 तारीख को मानदेय जारी करने, कैडरों का नियमितीकरण, नियुक्ति पत्र देने जैसी मांग की गई। सभी कैडर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत एनआरएलएम बिहान में कार्यरत हैं। महिलाओं ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न विभागीय योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर कार्यान्वित करते हैं, लेकिन मानदेय नहीं मिल रहा है। लेकिन वीपीआरपी, लोकोस, लखपति दीदी, चुनाव की जागरूकता रैली, ट्रेनिंग, सुशासन दिवस जैसे अन्य कामों में काम पर लगाया जा रहा है। इसके अलावा समूह बनाना, समूह गठन करना, खाता खुलवाना, लोन दिलवाना, नए समूह का गठन करना आदि कार्य भी लिए जा रहे हैं। रजिस्टर वर्क के साथ तमाम कार्य एंड्राइड मोबाइल से करना पड़ता है। शासन की ओर से कोई सुविधा प्रदान नहीं की गई है। रैली हिंदी भवन से होकर कचहरी चौक और कलेक्टर ऑफिस पहुंची। इसके बाद बाद जिला पंचायत में प्रदर्शन किया गया। बिहान कैडरों ने कहा कि मांगें अविलंब पूरा नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक पदमा पाटिल, प्रांतीय सलाहकार विश्वजीत हारोडे सहित अन्य मौजूद थे।

**पांच सूत्रीय मांग पत्र जिला पंचायत सीईओ को सौंपा**

---

**नेवई स्कूल में बच्चों के लिए हर दिन एक अलग आयोजन**

## इनोवेशनः पौधे, जानवर, सूक्ष्म जीव और उनके भौतिक पर्यावरण को समझने मॉडलों का किया जा रहा उपयोग

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई में विद्यार्थियों के लिए अनवरत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नॉलेज कैसे बिल्ट करें। कार्यशाला में बताया गया किमैनिफेस्ट का मतलब है अपनी मनचाही जिन्दगी बनाने की क्षमता अर्थात अपने सपनों को साकार करने की काबीलियत। अपने सपनों को साकार के लिए किस तरह अनुशासित रहते हुए अपने परिवेश को प्रभावित निर्देशित और नियंत्रित कर सकते है। आप अपने जीवन को जैसा चाहे वैसा बना सकते हैं। क्योंकि ब्रह्माण्ड की हर चीज उर्जा से बनी है। हम उर्जा से बने हैं, हमारे विचार, भाव और भावनाएं भी उर्जा से बनी हैं। भावनाओं की अलग-अलग आवृत्तियां होती है। जब हम अपने विचार बदलते हैं, तो भावनाएं भी बदलती हैं।



#### कहानियों के माध्यम से परिचित कराया जा रहा मानवीय मूल्यों से

अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं। इस तरह सर्वप्रथम ध्यान मंत्रोच्चार सूर्य नमस्कार के बाद विद्यार्थियों को कहानियों के माध्यम से माननीय मूल्यों से परिचित कराते हुए जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूज डॉ. नीलांजला जैन ने बताया कि विचारों का पारिस्थितिकी तंत्र एवं प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना एक उपहार है। इस तरह की जानकारी नियमित रूप से दी जा रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे कार्यशाला में शामिल होने पहुंच रहे हैं। हम अनुभूत भावनाओं को बदल देते हैं, जिसके फलस्वरूप हमारी पूरी कंपन आवृति बदल जाती है, फिर हम जो आवृत्ति बहार भेजते हैं। इसी को अपनी ओर आकर्षित भी करते हैं। इसलिए बच्चों को जानना समझना आवश्यक है कि किस तरह से हम सब अपना जीवन संवार सकते हैं।

#### हर दिन सुबह साढ़े 7 से साढ़े 11 बजे तक आयोजन

पारिस्थितिक तंत्र एक प्राकृतिक इकाई है, जो जीवित जीवों और उनके अजैविक वातावरण के बीच परस्पर क्रिया को दर्शाती है। इसमें पौधे, जानवर, सूक्ष्म जीव और उनके भौतिक पर्यावरण पर विशेष चर्चा के बाद वर्किंग मॉडल के जरिए स्कूली बच्चों को जानकारी दी गई। कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 7:30 से 11:30 तक शाला प्रांगण में आयोजित की जा रही है। संस्था प्रमुख सुलेखा गाडिया, शशिकला वर्मा, रजनी यादव, उषा किरण कौशिक, ज्योति वर्मा, अमृता यादव, संत ज्ञानेश्वर मरकाम आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कृषि महाविद्यालय मर्रा में जैन संत साध्वियों एवं जैन श्रीसंघ के सदस्यों ने शनिवार को शारीरिक समस्या से मुक्त रहने या होने के लिए योग की अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय योग विधा में नाम रोशन कर चुके मर्रा के योग खिलाड़ियों के गुरु मर्रा के पूर्व सरपंच 74 वर्षीय तुलाराम वर्मा ने योग विधा के हैरत अंग्रेज योग आसनों को बड़ी आसानी की।

# अध्यात्म मार्ग

# करो योग रहो निरोग...रोगों से बचाव और स्वस्थ रहने के आसन जानें, उनका नियमित रूप से करें प्रयोगः वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जैन संत उपाध्यक्ष प्रवर महेंद्र सागर मसा आध्यात्म मार्ग प्रणेता युवा संत मनीष सागर मसा सहित संतों एवं साध्वियों के समक्ष बड़ी सरलता से कृषि महाविद्यालय मर्रा प्रांगण में अद्भुत और शानदार प्रदर्शित किए। उन्होंने कहा योग करो निरोग रहो। श्री वर्मा ने योग माध्यम से रोगों से बचाव और स्वस्थ रहने की आसन भी बताए।



### तन-मन-धन का योग संवारता है लोक-परलोक

उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्र सागर महाराज ने कहा कि तन को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनाए मन को स्वस्थ रखने के लिए आध्यात्म की शरण में जाए और धन को स्वस्थ रखने के लिए आडम्बर मुक्त होकर धर्म नीति अनुरूप धन का अर्जन करें। तन पर योग का मन पर आध्यात्म का धन अर्जन पर धर्म नीति का लगाम लगाए लोक परलोक में आनंद पाने का रास्ता बनाए। संत श्री ने कहा कि तन मन धन का योग लोक परलोक संवारती है।

### धर्मनीति का करें उपयोग, सुखी जीवन पाएंः महेंद्र सागर



### संत सुबह आए मर्रा और शाम को किया पदविहार

इस अवसर पर संत समागम में जैन श्रीसंघ जामगांव आर, मर्रा, मोतीपुर, दुर्ग, धमतरी के सदस्य उपस्थित रहे। शनिवार को प्रातः कृषि कालेज मर्रा में पधारे जैन संतो साध्वियों का समूह शाम को विहार कर सातरा में रात्रि विश्राम किए।

### समर्पित पुरुषार्थ से कठिन कार्य भी बन जाते हैं सरल

आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर महाराज ने कहा कि आलस त्यागे समर्पित होकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर अर्जुन लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े मंजिल कदम चूमती है। संत श्री ने कहा कि 74 वर्षीय तुलाराम वर्मा बड़ी निपुणता के साथ योग की कठिन से कठिन विधा सबके सामने बड़ी सरलता से करके दिखाए इनके पुरुषार्थ से सिख लेना चाहिए कि सतत प्रयास करने से असंभव भी संभव हो जाती है। संत श्री ने कहा कि सरलता नम्रता सादगी के आभूषण से सुसज्जित श्री वर्मा इस उम्र में योग के प्रेरणा पुंज बनकर सीख दे रहे जो एक शानदार मिशाल है। सभी संतों ने बड़ी ध्यान से योग विधा और 74 वर्ष की आयु में कमाल के योगी को देखते आश्चर्य चकित रहे।

## खबर संक्षेप



### नृत्य नाटिका अल्फाज का मंचन आज कला मंदिर में

**भिलाई।** कथक प्रशिक्षण में विगत तीन दशक से सक्रिय कृष्ण प्रिया कथक केंद्र दुर्ग-भिलाई की ओर से नृत्य नाटिका 'अल्फाज' का मंचन 27 अप्रैल रविवार को शाम 7 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया जा रहा है। केंद्र की संचालक श्रीमती उपासना तिवारी ने बताया कि आयोजन में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क है। संस्कृति प्रेमी नृत्य नाटिका के साक्षी बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह नृत्य नाटिका उनके केंद्र के सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों की साझा मेहनत का परिणाम है। इसके लिए विगत महीने भर से रिहर्सल जारी थी।

## निधन

### चमेली बाई सपहा



**पाटन।** ग्राम पंचायत सिकोला के निवासी चमेली बाई सपहा निधन 25 अप्रैल को हो गया। वे लोकनाथ सपहा की धर्मपत्नी थीं।

### कनक पाल



**भिलाई।** कनक पाल धर्मपत्नी स्व. एन आर पाल पद्मनाभपुर दुर्ग एमआईजी 484 का शनिवार शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 27 अप्रैल को दोपहर 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे निर्णय पाल की माता थीं।

## विश्व मलेरिया दिवस : आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में जागरूकता अभियान

# मलेरिया का मच्छर पनपता है गंदे पानी में, नालियों में डालें जला तेल या मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के निर्देशानुसार व खण्ड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के आरएचओ बसंत कुमार साहू ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य जनसमुदाय को मलेरिया के कारण, लक्षण, निदान के प्रति जागरूक करना है। मलेरिया होने का मुख्य कारण परजीवी मादा एनफिलिज मच्छर है जो की सामान्यतः शाम को अंधेरा होते वक्त या फिर सुबह के वक्त काटते है, तथा ये ठहरे हुए गंदे पानी में शीघ्रता से पनपते है।

### रैपिड डाइग्नोस्टिक किट से प्रत्येक गांव में जांच की सुविधा




### मलेरिया से बचाव के लिए इन बातों का रखें विशेष ध्यान

सीएचओ लाभेश्वरी यदु एवं आरएचओ मधु साहू ने मलेरिया से रोकथाम के उपाय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी रोग से बचाव के लिए स्वच्छता व उस रोग के बारे में जानना बहुत आवश्यक है। मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी से गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर बचाव की आवश्यकता होती है क्योंकि जच्चा के साथ बच्चे में भी मलेरिया के कारण स्वास्थ्यगत समस्याएं आ सकती है। मच्छरों के नियंत्रण व मलेरिया से बचाव के लिए इन बातों का ध्यान रखे। मलेरिया के मच्छर गंदे पानी तथा साफ पानी दोनों में पनपते है इसलिए घरों में कूलर के पानी को प्रत्येक सप्ताह बदलना चाहिए, घर के आसपास के गड्ढे तथा नालियों में मिटटी का तेल या जले ऑइल को प्रत्येक सप्ताह छिड़काव करना चाहिए, पुराने टायरों, बर्तन आदि में पानी का जमाव नहीं होने देना चाहिए, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए ,पुरे आस्तीन का कपड़े पहनना चाहिए, शाम के समय नीम के पत्ते का धुंआ करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से बसंत साहू ,मधु साहू लाभेश्वरी यदु ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,ढामिन साहू ,मितानिन हेमपुष्पा साहू,पंचबाई यादव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मलेरिया व अन्य बीमारियों के मिलते हैं लक्षण

बसंत कुमार साहू ने बताया कि मलेरिया होने पर तेज बुखार सहित सर्दी-खासी जैसे कई लक्षण सामने आते हैं। इनमें ठंड के साथ जोर की कंपकंपी, सिर में दर्द, मांशपेशियों में दर्द, थकावट आदि शामिल हैं। मितली, उल्टी, डायरिया जैसे लक्षण भी हो सकते हैं। खून की कमी और आंखों के पीला होने जैसी स्थितियां भी आ सकती हैं। मलेरिया के कारण खून की कमी और पीलिया भी हो सकती है। रोग के गंभीर मामलों में यह किडनी फेल्योर और सांस संबंधी समस्याओ का कारण भी बन सकता है। समुचित इलाज न मिलने पर पीड़ित की मृत्यु भी संभव है इसलिए मलेरिया के कोई भी लक्षण मिलने पर मितानिन या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर तत्काल खून की जांच अवश्य कराना चाहिए। वर्तमान समय में शासन ने मलेरिया के जांच के लिए मितानिन तथा स्वास्थ्य केंद्रो में रैपिड डायग्नोस्टिक किट उपलब्ध कराया है। जिससे 10 से 15 मिनट में मलेरिया की जांच हो जाती है। तत्काल प्राथमिक उपचार भी मरीज को प्राप्त हो जाता है।

## अंचल-सिटी की खबरें

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सीखा साबुन, फिनाइल और अगरबत्ती बनाना



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में समाजकार्य विभाग द्वारा स्वरोजगार के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजकार्य के छात्र-छात्राओं ने इंटरशिप कार्यकम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षित स्टूडेंट्स ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को फिनाइल, साबुन, हैंडवाश, अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया। डॉ. नंदा गुरवारा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वरोजगार पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों का कौशल विकास अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को भविष्य में स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते है। प्राध्यापक राहुल चौधरी और अभिषेक वर्मा ने कच्चे सामग्री की उपलब्धता कहा से होगा इसकी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक बीएम साहू, डॉ. पुष्पा मिंज, कार्यक्रम संयोजक डॉ. वंदना धन्डोरे, प्रवीण जैन, डीके भारद्वाज, डॉ. उगेंद्र कुर्रे, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. एसके भारती अतिथि व्याख्याता चंद्रशेखर देवांगन, प्रीति यादव, मनमोहन, परमानन्द सिन्हा आदि मौजूद थे।

### ग्राम सेमरिया में मनाई संत शिरोमणि जयंती



**भिलाई।** ग्राम सेमरिया(लिटिया) में संत शिरोमणि सेन महराज का जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू ,तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा ,मंडल अध्यक्ष बोरी (लिटिया) बीरबल पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल ,उपसरपंच सुखरीकला, नीलांबर साहू,भाजपा नेता सूरज देशमुख आदि मौजूद थे।

### सर्व हिन्दू समाज ने निकाली रैली, फूंका पुतला




**पाटन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में सैलानियों की हत्या मामले में लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर पंचायत पाटन में सर्व हिन्दू समाज व श्रीराम की सेना पाटन द्वारा विशाल रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के मुर्दाबाद का नारा लगाकर पुतला फूंका गया। विशाल रैली आजाद चौक से शीतल मादिर तक मशाल रैली निकालकर, भरर चौक पाटन में, आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। आत्मानंद चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पाटन विधानसभा से अनेक हिंदू समर्थक मौजूद थे। श्रीराम की सेना, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सर्व हिंदू समाज, हिंदू जागरण मंच के सभी सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर सागर सोनी, आदित्य पांडेय, राधे यादव, नितेश तिवारी, कुणाल शर्मा, होरीलाल देवांगन, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष निक्की भाले, निशा सोनी, डागेश्वर वर्मा, संतोष घिरवानी, राजा शर्मा, राजा पाठक, जेपी देवांगन, अनिकेत मिश्रा, नारायण पटेल, प्रकाश बिजोरा, आलोक पाण्डे उपस्थित थे।

### धमधा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह में शामिल हुए विधायक, 15 जोड़ों को दिया आशीर्वाद



**धमधा।** धमधा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह में विधायक ईश्वर साहू की उपस्थिति में ,15 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर विधायक साहू व तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, पार्षद रमन यादव, भाजपा नेता दिलीप गुप्ता, मन्ना महोबिया ,मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, विधायक प्रतिनिधि आरुणी दानी थे।

### तामेश्वर अग्नि वीर भर्ती फोर्स में हुआ चयनित

**अंडा।** दुर्ग जिला अंतर्गत ग्राम विनायकपुर के अग्निवीर फोर्स के लिए चयन तामेश्वर सिन्हा का चयन हुआ है। ट्रेनिंग सेंटर सिकन्दर बार तेलंगाना चयनित हुआ। इस अवसर सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार,जगन्नाथ देवांगन, जनक साहू, शशि ठाकुर, उपसरपंच राकेश ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### मुस्लिम जमात ने जलाया आतंकवाद का पुतला




**धमधा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर 28 भारतीयों की हत्या किए जाने के विरोध में धमधा मुस्लिम जमात द्वारा जामा मस्जिद से नगर गेट धमधा तक पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते नगर गेट धमधा तक पैदल मार्च किया गया। नगर गेट एवं बस स्टैंड के सामने आतंकवाद का पुतला दहन किया। जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति शमशीर कुरैशी ने कहा कि अपने 28 देशवासियों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। ऐसे समय पर पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट खड़ा हुआ है। पार्षद मलिक कुरैशी ने कहा कि आतंकवादी चाहे जहां भी छुपे हो उन्हें ढूंढकर पूरे जड़ से खत्म कर देना चाहिए हम सभी मुस्लिम जमात के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है, पूरा देश आज एक साथ आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ है। इस मौके पर धमधा सदर याकूब कुरैशी, नजीर अहमद, मौलाना नकीब अख्तर, कलीम मो. कुरैशी, बबला पठान, आरिफ कुरैशी, इमदाद अली, यार मोहम्मद, अकील खान, साबिर कुरैशी, आशिफ कुरैशी, सकलैन रजा, रफीक खान, शौकत कुरैशी, रकीब कुरैशी आदि मौजूद थे।

## बिजनेस साइट

### मैत्री विद्या निकेतन के छात्रों का जेईई मेन्स 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन रिसाली सेक्टर के छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और जेईई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। छात्रों ने असाधारण योग्यता और कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रणव वर्मा ने 98.6 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। अन्य सफल छात्र हैं लक्ष्य, त्रेहान मंडल, मनीष कुमार कोशारे और तुमेश्वरी साहू। राजम सुधाकरण, अध्यक्ष एमईसीए निदेशक एस सजीव और एस साजन, डॉ. सजिथा थंबी, प्राचार्य एमवीएन, डॉ. बीना सजीव, उप प्राचार्य, निशी साजन ने सफलता पर बधाई दी।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

### ईश्तहार

रा.प्र.क./202504100700069/अ-74/
वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण, (01) ज्ञान रंजन बिस्वाल (02) शरत कुमर बिस्वाल दोनों पिता श्रीधर बिस्वाल दोनों निवासी क्वा. नं. 01 के, सड़क नं. 35 सेक्टर-7 भिलाई, तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा रिसाली प.ह.न. 65/19 रा.नि.म. रिसाली तह. व जिला दुर्ग ख0न0 95/22 रकबा 0.03 हे./3500 वर्गफीट, लगान परि, अनुसार भूमि स्थित था जिसके संबंध में ऋणपुस्तिका की कापी संलग्न है, जिसे प्रवीण कुमार बेहरा ने दिनांक 5/11/1990 को पंजीकृत बयनामा से क्रय कर मालिका काबिज में था।

ग्राम रिसाली स्थित उक्त भूमि ख.न. 95/22, रकबा 50 गुणा 70 =3500 वर्गफीट प्लाट नंबर 65 को आवेदकगण द्वारा दिनांक 28/11/2001 को पंजीकृत बयनामा से विक्रेता प्रवीण कुमार बेहरा आ. जी.डी बेहरा से क्रय किया तब से विक्रेता द्वारा दिये गये दखल व कब्जा अनुसार आवेदकगण मालिक काबिज में होकर चला आ रहा है।

आवेदकगण द्वारा स्थित भूमि को अपने नाम पर प्रमाणीकरण करवाकर ऋण पुस्तिका क्रमांक पी-2404368 प्राप्त किया है जिसके अनुसार खरीद से ना. क्र.59/2001-02 अनुसार खसरा नं. 95/22 रकबा 0.02 हे०/3500 वर्गफीट लगान परि. अनुसार भूमि में आवेदकगण के नाम पर भूमि स्वामी हक में नाम दर्ज है। उक्त व्यवहार न्यायालय न्यायाधीश के आदेश/निर्णय के आधार पर आवेदकगण ने श्रीमान तहसीदार महोदय दुर्ग के समक्ष बंटवारा किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे माननीय न्यायालय ने स्वीकार कर रा. प्र.क. 202410100700027 6/अ-27-2024-25 पंजीबद्ध करते हुए दिनांक 26/03/2025 को यह आदेश पारित किया गया है कि मौजा रिसाली में स्थित उक्त भूमि ख.नं. 95/22 का दु-रकबा 0.010 हे. आवेदक क्रमांक-1-ज्ञान रंजन बिस्वाल को तथा खसरा नं. 95/22 का टु. रकबा 0.010 हे. आवेदक क्रमांक-2 शरत कुमार बिस्वाल को दिया गया है। त्रुटि सुधार करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

वर्तमान नकल बी 1, खसरा रिकार्ड को देखने पर आवेदकगण को जानकारी हुई कि राजस्व अभिलेख में रकबा में कमी हो गया है। अर्थात जिस समय आवेदकगण ने पूर्व विक्रेता प्रवीण कुमार बेहरा से जमीन क्रय किये थे उस समय रकबा 0.03 हे0/3500 वर्गफीट भूमि दर्ज था किंतु जब आवेदकगण ने अपने नाम पर प्रमाणीकरण करवाकर ऋणपुस्तिका प्राप्त किये तब रकबा में कमी कर 0.02 हे0/3500 वर्गफीट दर्ज किया गया है अर्थात वर्गफीट तो सही दर्ज किया है किंतु रकबा 0.1 हे0 की कमी कर दिया गया है। जबकि आवेदकगण क्रय किये गये बयनामा अनुसार बैनामा दिनांक से ही 0.03 हे0/3500 वर्गफीट में ही काबिज है।

अतः मौजा रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.मं. रिसाली में स्थित उक्त भूमि ख.नं. 95/22 रकबा 0.010 हे. आवेदक क्रमांक-1-ज्ञान रंजन बिस्वाल व ख.नं. 95/22 रकबा 0.010 हे. आवेदक क्रमांक-2 शरत कुमार बिस्वाल दोनों पिता श्रीधर बिस्वाल के नाम पर भूमि स्वामी हक में राजस्व रिकार्ड अनुसार दर्ज है, जो कि रकबा में कमी है, जिसे सुधार करते हुए अर्थात 0.030 हे. दर्ज करते हुए आवेदक क्रमांक-1 के रकबा 0. 0150 हे. व आवेदक क्रमांक-2 का रकबा 0.0150 हे. भूमि दर्ज किये जाने के आदेश हेतु आवेदन प्रस्तुत हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो नियत पेशी दिनांक तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।



आज दिनांक 24/4/25 को यह ईश्तहार मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक - 24/04/25
सुनवाई दिनांक 16/05/25

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)



दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
मो.: 8109922001
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/- मात्र
भक्तगण उच्चाटन, आर्कषण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है
माँ कामाख्या बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया हाता है।
विगत चालीस वर्षो से स्थाई तौर पर उपस्थित ज्योतिष शास्त्र संबंधित कम्प्युटर द्वारा जन्मकुण्डली, देखते एवं बनाते है। ग्रहो की महादशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधित, कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा, पिशाच दोष, ग्रहण दोष, अकाल मृत्यु, दुर्घटना, गृह निवास में अनेक प्रकार के बाधायें हेतु समाधान किया जाता है।
समय-सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक
पता - श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
श्रीमती वैदेही शर्मा
अभिषेक शर्मा
माँ कामाध्या देवी उपासक
मो.: 93439 07851, 9039885600
फीस 251/- मात्र
ज्योतिष शास्त्र द्वारा जन्म कुण्डली के आधार पर समस्त जन्मकुण्डली दोष का समाधान हेतु संपर्क करें :-
पता - माँ कामाख्या ज्योतिष कार्यालय
धमधा रोड, मिलन मैरिज पैलेस के बाजू में दुर्ग (छ.ग.)
समय-सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## 18 हितग्राहियों को लॉटरी से किया गया पीएम आवास का आवंटन

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास के तहत निगम क्षेत्र के 18 हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार मकान का आवंटन लाटरी निकालकर किया गया। हितग्राही मकान की 10 फीसदी अंशदान राशि जमा किए थे। महापौर श्रीमती अलका बाघमार की उपस्थिति में उन हितग्राहियों को बुलाकर लाटरी की पर्ची उनके हाथो से निकलवाया गया। उनके हाथ में जो मकान नं पर्ची में लिखा था, उसे आवंटन कर दिया गया। बता दें कि मोहन लाल सोनी दिव्यांग भूतल आवास आबंटन माँ कर्मा आवास, पुष्पा गौतम, सरस्वती नगर, यिष्का जयसवाल, गणपति विहार, प्रेमलता निषाद माँ कर्मा के अलावा माँ कर्मा 5, सरस्वती नगर 6, गोकुल नगर 2, गणपति विहार 5, कुल 18 हितग्राहियों को पात्रता के मुताबिक मकान का आवंटन किया गया।इस मौके पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य शशि साहू, हर्षिका जैन, नोडल व कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम मौजूद थे।

**जलसंकट : विगत 21 अप्रैल को जनदर्शन में लगाई थी कलेक्टर से गुहार**

# ग्रामीणों ने पीएचई से मांगा था पानी नहीं हुई सुनवाई, अब करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले 21 अप्रैल को कलेक्टर जनदर्शन में अंजोरा ढाबा के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या होने पर गुहार लगाई थी। नाराज ग्रामीणो ने अपनी पीडा बताते हुए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन सप्ताहभर बाद भी सुनवाई नही होने से अब ग्रामीणों ने भूख हडताल पर बैठने का फैसला किया है और इसकी सूचना जिला और संबंधित थानों में दिया गया हैं।

मुख्यालय से लगा अंजोरा ढाबा गांव में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हैं। कलेक्टर जनदर्शन में फरियाद के बाद भी पेयजल के लिए प्लास्टिक के डिब्बों की कतार लगाने की परेशानी से मुक्ति नहीं मिल पाई। इससे नाराज ग्रामीणों ने अब प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एसडीएम हरवंश सिंह मिरी और संबंधित थाना के प्रभारी को सूचना पत्रक सौंप दिया है। मामले में ग्रामीणों ने अधिकारियों की गंभीरता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, अब पानी की व्यवस्था के बिना वे भूख हड़ताल से नहीं हटेंगे।

**पिछले जनदर्शन में ग्रामीणों ने सौंपा था कलेक्टर को ज्ञापन**



### पीएचई ने किया हाथ खड़े

धर्मेश देशमुख ने बताया कि, जनदर्शन में शिकायत के बाद पीएचई विभाग के अधिकारी गांव आए थे। यहां सप्ताहभर पहले तालाब के अंदर बोर कराया गया है। बोर कराने के बाद ग्रामीणों ने यहां बोरवेल्स मशीन लगाने की मांग की। जिस पर एसडीओ पीएस ठाकुर ने कहा, हमं हैडपंप लगाने का अधिकार है, विभाग के पास बोरवेल्स मशीन लगाने का प्रावधान नही है। ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कम से कम टैंकर से पानी की व्यवस्थ कराएं। जिस पर भी अफसरों ने प्रावधान नही होने की बात कहकर ग्राम पंचायत के फंड से व्यवस्था करने को कहा और आज तक पेयजल की समस्या नही सुलझी हैं।

### ग्रामीणों का ऐलान अब भूख हड़ताल

एसडीएम को सौंपे गए सूचना पत्रक में ग्रामीणों ने पानी की व्यवस्था नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार 28 अप्रैल से नगपुरा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किए जाने की जानकारी दी है। अंजोरा (ढा) के ग्रामीण युकां नेता धर्मेश देशमुख के नेतृत्व में भूख हड़ताल शुरू किए जाने की जानकारी दी गई है। ग्रामीणों ने पानी की व्यवस्था नहीं किए जाने तक आंदोलन में डटे रहने की बात कही है। गांव में 2500 से ज्यादा आबादी वाले अंजोरा ढाबा के लोगों की प्यास एकमात्र बोरवेल से बूझ रही है। यहां के लोगों को पानी की जरूरत की पूर्ति के लिए एकमात्र बोरवेल के सामने सुबह से प्लास्टिक के खाली डिब्बों की कतार लगानी पड़ती है।

# प्राण घातक हमले के आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास

### अन्य आरोपियों को भी मिली सजा और अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अष्टम सत्र न्यायाधीश श्रीमती श्यामवती मरावी ने प्राण घातक हमले के एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाए जाने के बाद हमले के एक आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास व हमले में शामिल परिवार के अन्य लोगों को भी सजा व अर्थदंड दी है।

- मामला वैशालीनगर थाने का

अभियोजन के अनुसार 5 अगस्त 2021 को सुबह करीब 6 बजे कैंप 1 आजाद मोहल्ला वैशाली नगर थाने के अंतर्गत रजिंदर कौर अपने घर के सामने गली में बेटी गुरप्रीत कौर के साथ खड़ी थी। उसी समय कृपा शंकर मिश्रा का लड़का गोपाल मिश्रा अपने मोटर साइकिल को तेजी से चलाते हुए गुरप्रीत कौर को मोटर साइकिल की चपेट में लेने का प्रयास किया। जिस पर प्रार्थिया ने मोटर साइकिल को तरीके से चलाने की बात कही। इसी बात से गोपाल मिश्रा ने रजिंदर कौर और उसकी बेटी गुरप्रीत कौर को जान से मारने की धमकी देकर गालियां देने लगा। झगड़ा देखकर गोपाल मिश्रा की मां मंगला देवी, उसके पिता कृपाशंकर मिश्रा, भाई किशन एवं उसके सहयोगी धरम सिंह एवं पूजा ने एक राय होकर डंडा, लाठी और फावड़े से मारपीट शुरु कर दी। झगड़े में बीच-बचाव करने आई प्रमिला देवी के सिर पर आरोपी गोपाल ने फावड़े से वार किया। जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। आरोपीगण धरम सिंह व कृपा शंकर ने डंडे से मारपीट की। प्रार्थिया रजिंदर कौर की रिपोर्ट पर वैशाली नगर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 147 कर अग्रिम विवेचना प्रारंभ की। संपूर्ण विवेचना कर आरोपीगणों के विरुद्ध 307 के तहत मामला पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से 12 गवाह बनाए गए और सभी का परीक्षण किया गया। विचारण उपरांत न्यायालय ने पाया कि आरोपी गोपाल मिश्रा को धारा 307 का दोषी मानते हुए 10 साल सश्रम कारावास 500 रुपए अर्थदंड। अर्थदंड नहीं पटाने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा दी है। आरोपी मंगला मिश्रा, कृपाशंकर मिश्रा और आरोपी पूजा उर्फ गुरप्रीत कौर को धारा 294 में 15 दिन सश्रम कारावास और 323, 34 में एक माह व 100 रुपए अर्थदंड दिया गया है। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद कुमार चंदेल ने पैरवी की।

# नए जिलाध्यक्ष पहुंचे जेवरा सिरसा ब्लॉक में कांग्रेसियों के बीच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चिलचिलाती धूप और भरी गर्मी में जेवरा सिरसा ब्लाक में पहली बार पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते हुए नए जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सगंठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर बल दिया।



कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त दुर्ग (ग्रामीण) जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर का जेवरा सिरसा में प्रथम आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया । इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जेवरा सिरसा के अध्यक्ष अशोक साहू सहित कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जेवरा सिरसा पहुंचे जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की नीतियों और शासन की विफलाताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यकर्ताओं के हित में काम करने का वचन दिया। श्री ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील कीश्री ठाकुर ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी किया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कॉंग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एवं पार्टी के रीति नीति के बारे में अवगत कराते हुए पुनः छत्तीसगढ़ में कॉंग्रेस पार्टी को जिताने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान जेवरा जगदीश मार्कण्डेय, राधेश्याम यादव, प्रशांत गौतम, मोहित साहू, टुन्ना लाल देशमुख, उमेश साहू आदि मौजूद थे।

# सीएमएचओ का घेराव कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के स्वास्थ्य विभाग में कल अधिकारी, कर्मचारी में जबरदस्त आक्रोश रहा, लगभग 400 अधिकारी, कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय का घेराव कर जोरदार नारेबाजी किए। ततपश्चात मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने कर्मचारी नेताओं को बुलाकर चर्चा किये, इस चर्चा में प्रमुख रूप से वीएस राव कार्यकारी प्रांताध्यक्ष स्वास्थ्य एवं बहुद्देश्यीय कर्मचारी संघ एवं एनएचएम के जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, संजीव दुबे, लक्की दुबे, ऋचा मेश्राम, शेखर ताम्रकार, चंद्रहास धनकर, दिव्या लाल, संजय यादव, गजेंद्र गुप्ता, चंद्रेश रिगरी, योगेश गहिरवार तथा लगभग 400 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



संघ ने स्वास्थ्य विभाग में बायो मेट्रिक एप्प का विरोध किया। फील्ड के कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक बिल्कुल नही लगाने की मांग की गई। एनएचएम के शहरी इकाई दुर्ग, भिलाई, चरोदा के 410 अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन 2 माह से लंबित तत्काल आहरण करने की मांग। सीएचसी धमधा में कलेक्टर द्वारा 34 अधिकारी, कर्मचारी का एक दिवसीय वेतन रोकने की आदेश को तत्काल निरस्त करे। जिला चिकित्सालय दुर्ग में जिन स्टॉफ नर्सो का वेतन वृद्धि रोकने के आदेश किये गए, उस आदेश को निरस्त करने और दर्जनभर अधिकारी व कर्मचारियों का नियम के विरुद्ध किये गए स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने की मांग की गई हैं। संघ ने रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुँच कर धरना देकर कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपा।



## पांच दिन से पारा 44 डिग्री से नहीं उतर रहा नीचे

# झुलसाती गर्मी के बीच आज से दो दिन अधंड़ और हल्की बारिश की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

ट्विनसिटी में पारा पाचवें दिन भी चढ़ा रहा। शनिवार को 44 डिग्री सेल्सियस वाली गर्मी झुलसाने वाली रही। अलसुबह मौसम में नमी दिखाई दी। ऐसा लगने लगा कि आज सूर्यदेव के तेवर कुछ कम हो गए हैं। आसमान पर हल्के बादल छाए रहे जो कुछ देर बाद छंट गए। उसके बाद तपिश बढ़ती गई। सुबह 10 बजे के बाद तापमान बढ़ता ही गया और दोपहर तक स्थिति यह आ गई कि पारा 44 डिग्री के करीब जा पहुंचा। इस भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने ये चेतावनी जरूर जारी कर दी है कि रविवार को अंधड़ के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इससे पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे जा सकता है।

**तपिश से सड़कों पर उभर रहा मिराज**




### सड़कों पर पानी का बना मृगतृष्णा

तेज धूप ने सड़कों की डामर को पिछला दिया है। जैसे ही सड़क पर अपनी वाहनों से आगे बढ़ेंगे ऐसा लगेगा कि पानी गिरा है। इस जगह पर पहुंचने से पानी नहीं मिलेगा। आगे ऐसी स्थिति और बनती जाएगी। मिराज यानी एक तरह से यह मृगतृष्णा जैसी है। जो दिख रहा है वह हकीकत में होता नहीं है। खासकर नवयुवकों के लिए सड़कों पर ये दृश्य कौतूहल का विषय है। वे इसे देखकर अपने कैमरे में भी कैद करने लगे हैं।

### शादी-ब्याह का सीजन और इतनी गर्मी

अप्रैल महीने में सालों बाद इस तरह की गर्मी पड़ रही है। लू के हालात हैं लेकिन बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही। इसलिए कि अप्रैल महीने में शादी-व्याह का सीजन चल रहा है। तीन दिन बाद यानी 30 अप्रैल को अक्ती है। अक्ती में इस साल रिकार्ड शादी होने जा रही है। इसकी वजह है कि अप्रैल महीने के बाद शादी का मुहूर्त काफी कम है। प्रदेश में अक्ती को शादी व्याह के लिए सबसे शुभ दिन माना गया है। जिसकी वजह से बसों और वाहनों से लोगों की आवाजाही गर्मी में भी दिखाई दे रही है।

### मौसम विभाग का ये है अनुमान

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 76 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका मध्य महाराष्ट्र के दक्षिणी भाग से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उससे लगे हिमालयीन पश्चिम बंगाल के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 27 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात हो सकती है। इसलिए अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट आएगी।

# नेशनल हाईवे व मालवीय रोड से कंडम वाहनों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

यातायात पुलिस ने जिले की यातायात व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुहिम शुरु कर दी है। पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग करते नजर आ रहे है। अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा नो पार्किंग में पिछले कई महीनों से खड़े

- पुलिस ने 3 दिनों में की 187 वाहनों पर नो पार्किंग की

कंडम वाहनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। इन वाहन मालिकों को पूर्व में भी पुलिस ने चेतवानी देकर छोड़ा था। लेकिन उसके बाद वाहन मालिकों ने नो पार्किंग जोन से कंडम वाहनों को हटाने की जहमत नहीं उठाई। इसके बाद पुलिस ने बीते तीन दिन से इस कार्रवाई को शुरु कर दिया है।

शहर में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत जिले के प्रमुख मार्ग नेशनल हाईवे, सर्विस रोड, मालवीय नगर



रोड, जेल तिराहा रोड, डबरा पारा से हाथ खोज मार्ग, मुर्गा चौक से खुर्सीपार रोड, सेक्टर 10 मार्ग, बोरसी रोड, में खड़ी 47 कंडम वाहनों को हटाया गया। उधर 187 वाहनों पर नो पार्किंग की कार्यवाही की गयी। वहीं जिले के प्रमुख चेकिंग पॉइंटों पर शाम 6 बजे से देर रात तक लापरवाह शराब पीकर वाहन चलाने वाले , दो पहिया वाहन में तीन सवारी, काली फिल्म वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए विगत तीन दिन में 676 वाहन चालकों से समंस शुल्क वसूल किया गया। वहीं 13 शराब पीकर वाहन चलाने वालों के वाहन जप्त न्यायालय प्रस्तुत किया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर की गई कार्रवाई के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा व टीम द्वारा यातायात सुगम बनाने मुहिम चलाई जा रही है।




**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# कॉपर चोरी मामले में भाजपा पार्षद समेत 4 गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

इस्पात संयंत्र से 1.32 लाख रुपए कीमत का कापर तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने पार्षद समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया। उनसे पास से करीब 220 किलो कॉपर तार जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

भट्ठी पुलिस ने बताया कि सीआईएसएफ के उप निरीक्षक कॉपर चोरी की सूचना दी। 24 अप्रैल को मेनगेट में संदिग्ध व्यक्ति को



पूछताछ के लिए रोका गया। व्यक्ति के पास गेट पास था। अपनी टाटा नैनो कार से संयंत्र से बाहर जाने के लिए मेनगेट के आउट गेट पर आया था। जांच के दौरान आरोपी बाहर की ओर भागने लगा। सीआईएसएफ ने उसे पकड़ा। इसके बाद आरोपी की पहचान परमेश्वर पिता मुरलीधर देवदास उम्र- 37 वर्ष निवासी रिसाली बस्ती के रूप में हुई। उसके पास से कर्मचारी संजय कुमार पद-एसीटी, विभाग यूआरएम के नाम का मूल गेट पास मिला। कार में करीब 220 किग्रा कापर रखा था। आरोपी परमेश्वर ने लक्ष्मी तांडी, हर्ष देशमुख और योगेश विश्वकर्मा के साथ मिलकर चोरी करने की जानकारी दी। चोरी किए माल को पूर्व में शत्रुहन के माध्यम से सुपेला के कैलाश बर्तन वाले के पास बेचना बताया। इसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपियों में लक्ष्मी तांडी जोरातराई, हर्ष देशमुख ऊर्फ पुष्पेंद्र ऊर्फ चाकलेटी स्टेशन मरोदा, योगेश विश्वकर्मा स्टेशन मरोदा शंकर पारा निवासी बताए गए हैं।







